राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़

हिंदी पखवाड़ा – 2024 रिपोर्ट

हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या ई-11011(11)/3/2018-हिंदी/286 दिनांक 02 सितम्बर 2024 के दिशा निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़ में हिंदी पखवाड़ा 17 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 के बीच बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पखवाड़े का शुभारंभ 17 सितम्बर 2024 को माननीय महानिदेशक महोदय, डॉ लोक प्रताप सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। पखवाड़े का शुभारंभ करते हुये महानिदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को कार्यालय में राजभाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्होंने ने इस तरह के आयोजनों को कार्यालय की कार्यक्षमता और संवाद में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का माध्यम बताया।

हिन्दी पखवाड़े 2024 के अंतर्गत कार्यालय में निम्नलिखित प्रतियोगितायें आयोजित की गई जिनमें कार्यालय के अधिकारियों / कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रतिभागियों की हिंदी भाषा कौशल को उभारना और उन्हें भाषा के विभिन्न आयामों से परिचित कराना था।

- निबंध प्रतियोगिता
- टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता
- हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
- अनुवाद एवं श्रुतलेखन / सुलेख प्रतियोगिता
- कविता पाठ प्रतियोगिता

<u>हिंदी पखवाड़े के दौरान एनसीबी कार्यालय में दिनांक 25 सितम्बर 2024 को "भारत सरकार की राजभाषा नीति और हमारे दायित्व" विषय पर कार्यशाला का आयोजन।</u>

कार्यशाला की अध्यक्षता आदरणीय श्री जी जे नायडू, केंद्र प्रमुख, सीआईएस द्वारा की गई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ देवेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ प्रबंध (राजभाषा), नराकास, एनएचपीसी, फ़रीदाबाद उपस्थित रहें।

आदरणीय श्री जी जेनायडू ., केंद्र प्रमुख, ने सर्वप्रथम कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ देवेंद्र तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), का स्वागत किया और हिन्दी के प्रयोग की आवश्यकता और राजभाषा नीति को सशक्त रूप में लागू करने के महत्व पर अपने विचार रखे।

हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह

एनसीबी कार्यालय में दिनांक 30 सितम्बर 2024 को हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह, पूरे उत्साह के साथ डॉ संजीव कुमार चतुर्वेदी, सचिव एनसीबी, इकाई प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। पखवाड़े के समापन समारोह के दौरान प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं के नामों की घोषणा की गई जिन्हें कार्यालय के वार्षिक दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया गया।